भारत विकास परिषद्, शाखा हिण्डौन सिटी द्वारा सेमीनार आयोजित

हिण्डौन सिटी । भारत विकास परिषद्, शाखा हिण्डौन सिटी द्वारा संस्कृति सप्ताह प्रकल्प के (प्रथम कार्यक्रम) अन्तर्गत आज स्थानीय बयाना रोड़ स्थित निर्मल महाविद्यालय के सभागार में आकस्मिक हृदयाघात से जीवन रक्षा हेतु सीपीआर देने की विधि और उपयोगिता एवम् छात्राओं में जागरूकता को ''गुड टच - बेड टच'' व सुरक्षा विषयों पर सेमीनार आयोजित की गई।

■ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मां भारती के चित्रपट पर माल्यार्पण व दीपप्रज्वलन कर ''गुड टच - बेड टच एवम् सीपीआर'' विषय पर दो चरणों मे सेमीनार का आयोजन किया गया

भारत विकास परिषद्, शाखा हिण्डौन सिटी द्वारा निर्मल महाविद्यालय के सभागार में सेमीनार आयोजित की गई।

शाखा अध्यक्ष उपेन्द्र गुप्ता एवम् संस्कृति सप्ताह प्रकल्प प्रभारी वन्दना शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मां भारती के चित्रपट पर माल्यार्पण व दीपप्रज्वलन कर ''गुड टच - बेड टच एवम् सीपीआर'' विषय पर दो चरणों मे सेमीनार का आयोजन किया गया ।

कार्यक्रम प्रभारी डॉ हेमलता गुप्ता ने सभागार में उपस्थित छात्राओं को ''गुड टच - बेड टच'' के बारे में बारीकी से बताया वही आवश्यकता पड़ने पर अपनी सुरक्षा करने सम्बन्धी गुर सिखाए।

अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे। मंच संचालन श्रीमती श्वेता जैन ने किया।

महिला सहप्रमुख पूजा सिंघल ने बताया कि महाविद्यालय के खचाखच भरे सभागार में छात्र छात्राओं को आकस्मिक हृदयाघात जैसी स्थिति बनने पर जीवन रक्षा हेतु सीपीआर देने की विधि एवम् उसकी उपयोगिता पर जिला अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ आशीष शर्मा, प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ सुरेश गर्ग एवम् शाखा अध्यक्ष उपेन्द्र गुप्ता ने सभी को गहनता से जानकारियां दी। निर्मल बी एड कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ बृजेन्द्र सिंह डागुर, हरिओम शर्मा, निर्मल एज्यूकेशन कैम्पस के अतीक अहमद, शैलेश शर्मा, प्रियंका जोशी, मनोज शर्मा, चन्द्रभान सिंह, किल्लू सिंह, दिनेश चौधरी, गजेन्द्र सोलंकी, रवि शर्मा ललित शर्मा आदि ने विचार रखे।

संस्कृति सप्ताह प्रकल्प सहप्रभारी रजनी गोयल ने बताया कि निर्मल महाविद्यालय में ''गुड टच - बेड टच एवम् सीपीआर'' विषय पर आयोजित सेमीनार में परिषद् सद्स्य माया गोयल, आरती बिंदल, सुधा अग्रवाल, मंजू गुप्ता, मोना मित्तल, सुहानी गर्ग, गरिमा गुप्ता, रेखा गुप्ता एवम् रक्तदान प्रकल्प प्रभारी मोहित मित्तल आदि शामिल रहे।

प्रकल्प प्रभारी वन्दना शर्मा ने बताया कि शाखा द्वारा प्रतिवर्ष की भांति संस्कृति सप्ताह प्रकल्प के अन्तर्गत इस बार गुड टच - बेड टच एवम् सीपीआर, हिमोग्लोबन जॉच व सफाई जागरुकता चर्चा, नेत्र व दंत जॉच शिविर, कबाड़ से जुगाड प्रतियोगिता, शहर के पौराणिक स्थल प्रहलाद कुण्ड पर टिफिन गोठ, भजन व कीर्तन आयोजन (राधाष्टमी पर), बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं (नाट्यय प्रस्तुति), चित्रकला प्रतियोगिता एवम् सामूहिक वाद विवाद प्रतियोगिता इत्यादि सहित कुल 9 कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

सभी कार्यक्रमों को अधिकाधिक उपयोगी व सुन्दरता प्रदान करने को कार्यक्रम प्रभारियों के साथ परिषद् के सभी सदस्यों एवम् मातृशक्ति का भरपूर सहयोग मिल रहा है।

विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

भरतपुर (निस)। पीएमश्री रा.उ.मा.वि. महाराजसर में पीएमश्री विद्यालय से संबंधित गतिविधियों एवं नो बैग-डे का आयोजन प्रधानाचार्य हेमचन्द गोयल की अध्यक्षता में दिनांक 31 अगस्त को किया गया। जिसमें कहानी सुनाने की प्रतियोगिता, इन्टरनेट वरदान या अभिशाप विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता नागरिक साक्षरता, सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों पर बहस, समानता, मतदान अधिकार पर वाद विवाद एवं स्थानीय समस्या पर व्याख्यान का आयोजन तथा विज्ञान व गणित मेले का आयोजन भी किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ-चढ कर भाग लिया। इस कार्यक्रम में ममता, पीयूष, देवेश कक्षा 11, आस्था एवं राधा मीना कक्षा 12, रविन्द्र कक्षा 10, हरिओम एवं कृष्ण कुणाल कक्षा 9 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मण्डल में लक्ष्मी कंवर उप प्रधानाचार्य, गिरधारी लाल, नेत्रपाल, रवि यादव, दिलीप कुमार व्याख्याता, श्रीमती सपना अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, सरिता शर्मा, शीशराम वरिष्ठ अध्यापक, आनन्द मिश्रा, श्रीमती मोनिका पाराशर अध्यापक आदि रहे। कार्यक्रम का संचालन विजयपाल व्याख्याता एवं हरीश चन्द सिंह चौधरी अध्यापक द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महेन्द्र सिंह, विमलेश कुमारी, मंजू शाक्य, जयप्रकाश कस्वां, वैधर्वी जैन, पुष्पेन्द्र एवं डालचंद भट्टाचार्य उपस्थित रहे।

सार-समाचार

चेतन शर्मा का अंडर-19 में चयन

भरतपुर (निस)। जिले के दाएं हाथ के युवा तेज गेंदबाज 18 वर्षीय चेतन शर्मा का अंडर-19 भारतीय क्रिकेट टीम में चयन हुआ है। जिला क्रिकेट संघ भरतपुर के सचिव शत्रुधन तिवारी ने बताया कि भारतीय क्रिकेट टीम के साथ सीरीज खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया की अंडर-19 क्रिकेट टीम भारत आ रही है। यह सीरीज 21 सितंबर से 26 सितंबर तक पांडिचेरी में कुल तीन एक दिवसीय मैच खेले जाएंगे और इस सीरीज में दो टेस्ट मैच भी होंगे जो कि 30 अक्टूबर और 7 अक्टूबर को चेन्नई तमिलनाडु में चार दिवसीय मैच होंगे बीसीसीआई द्वारा पूर्व में आयोजित की गई। अंडर-19 भारतीय चौलेंजर ट्रॉफी और इंडिया कैम्प में चेतन ने अच्छा परफॉर्म किया था। इसी परफॉर्मेंस के आधार पर चेतन का चयन भारतीय अंडर-19 टीम में हुआ है। चेतन शर्मा के चयन पर लक्ष्मण मंदिर चौक भरतपुर पर जश्न मनाया गया मिठाइयां बांटी गई व जोरदार हवाई आतिशबाजी की गई। इस दौरान भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता शैलेश कौशिक भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री गिरधारी तिवारी एक दूसरे को माला पहनाकर हर्ष व्यक्त किया और चेतन के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर उपस्थित जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष अरुण सिंह उपाध्यक्ष विष्णु लोहिया और अजय कुमार संयुक्त सचिव अरुण कुमार गुप्ता और कोषाध्यक्ष मुनेन्द्र तिवारी सदस्यगण राहुल लोहिया,नाहर सिंह, अवदेश खटाना, त्रिलोकीनाथ शर्मा पावन कौन्तेय, उत्तम शर्मा तथा चयनकर्ता नरेश खत्री,सूरज शर्मा, लंकेश सियाराम, प्रेम सिंह और पंकज गोयल तथा क्रिकेट कोच देवेंद्र सिंह कालू तथा भारी संख्या में साथी खिलाड़ी और खेल प्रेमी उपस्थित थे।

पंचकोसी यात्रा पहुंची भोजन थाली

कामां (निस)। कामां की शान आदि वृंदावन कामवन की पंचकोसी परिक्रमा चतुर्थ दिवस पर भोजन थाली पहुंची। जहां पर कृष्ण भगवान की भोजन की थाली के समीप बैठकर कथावाचक अनिल कौशिक द्वारा भोजन थाली का महात्म बताते हुए भक्तों को कथा का श्रवण कराया। कथावाचक ने भक्तों को बताया गया कि कृष्ण भगवान द्वारा जहां पर पत्थर की थाली में भोजन किया था। जिसके अवशेक कथा के श्रवण के दौरान आपकों देखने को मिल रहें हैं। श्रोताओं ने कथा के दौरान इसी स्थान पर भोजन की रस्म अदा करते हुए साथ की साथ जलेबी स्वाद ग्रहण किया।उल्लेखनीय है कि यात्रा के भोजन थाली के पड़ाव के दौरान यात्री नौजवान वृद्ध महिला पुरुष कोई भी हो भोजन थाली स्थान से अपने घरों के लिए जलेबी खरीदकर परिवारजनों को खिलाते हैं जिसका प्रमाण वेदशास्त्रों में भी बताया गया है। भक्ति विभोर में झूम उठते हैं भक्तगण। प्राचीन मंदिर राधावल्लभ जी से पांच दिन तक चलने वाली पंचकोसी यात्रा के अवसर पर देश के कौने कौने से यात्रा लगाने वाले भक्त गण बाजें व ढोलक की धुनों पर नाचते गाते यात्रा के दौरान मुख्य आकर्षण का केंद्र बने रहते हैं। इन भक्तों द्वारा में कामवन की पंचकोसी यात्रा दे मेरे वीर ना माने मेरो मनुआ आज श्याम सपने में आए संगीत जैसी धुनों पर भक्तगण झूमते नजर आते हैं। यात्रा में शामिल महिला पुरुष के अलावा सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी भी इस पल को नाचते हुए यात्री गणों के साथ ठूमका लगाते हुए मुख्य आकर्षण का केंद्र बन जातें हैं।

किसान मोर्चा की बैठक सम्पन्न

भरतपुर (निस)। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर किसान मोर्चा की बैठक जिला अध्यक्ष गौरव सरपंच लुधावई की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष मनोज भारद्वाज एवं विषिश्ट अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा सत्येन्द्र पथैना, सदस्यता अभियान के संयोजक मोहन रारह, जिला उपाध्यक्ष रज्जन सिंह महुआ, जिला मंत्री व सदस्यता अभियान के सह-संयोजक दुर्गेश बूटौलिया थे। सदस्यता अभियान को लेकर विस्तृत चर्चा की उन्होने बताया कि 31 अगस्त को पार्टी की सदस्यता सभी सदस्यो की समाप्त हो जायेगी तथा आगामी 2 सितम्बर से देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सदस्यता अभियान को लॉचिंग करेगें और पार्टी के कार्यकर्ता को हर बूथ पर जाकर 200-200 सदस्य जोड़ने का आवहान किया है किसान मोर्चा भरतपुर द्वारा हर मण्डल के हर बूथ पर जाकर ज्यादा से ज्यादा भाजपा सदस्य बनाकर पार्टी का विस्तार करने का आवहान किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री किसान मोर्चा रामकुँवरचुरारी ने किया। बैठक में अनुराग तमरौली, हेमूभवनपुरा, नरेष कुमार षर्मा, नीरज सत्तोगौड़, बालमुकुन्दत्योंगा, सुमरन सिंह, अन्नूहलैना, वीरेन्द्र नाथूनगला, लालसिंहजयचौली, धीरज पाण्डेय, आदि भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद थे।

अग्रवाल कार्यकारणी का स्वागत किया

भरतपुर (निस)। सी ब्लॉक रंजीत नगर पार्क विकास समिति के सदस्यों ने समिति सदस्य गौरव पाराषर के घर पर नव नियुक्त शहर अध्यक्ष के रूप में ओमप्रकाष सिघंल, शहर महामंत्री अनिल गोयल, कोषाध्यक्ष राकेष मित्तल का 101 फीट का सांफा बाधंकर व महाराजा अग्रसेन महाराज का दुप्पटा पहनाकर व मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभकामनायें दी। इस मौके पर समिति के सदस्य गिरधारी गुप्ता ने नव नियुक्त अध्यक्ष ओमप्रकाष सिघंल के सामाज सेवा के कार्यो के बारे में समिति सदस्यों को जानकारी दी। नव नियुक्त शहर अध्यक्ष ओमप्रकाष सिघंल ने पूरी युवा टीम की तरफ से सी ब्लॉक रंजीत नगर पार्क विकास समिति के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर समिति सदस्य गिरधारी गुप्ता, गौरव पाराषर, मनोज सिंह, अनिल शर्मा, योगेष शर्मा, राजेन्द्र राजेष्वर सिंह, लोकपाल सिंह, नरेन्द्र सिघंल उपस्थित रहें।

खेल सप्ताह का आयोजन

भरतपुर (निस)। रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय भरतपुर में प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ) सुजाता चौहान के नेतृत्व में खेल विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में खेल सप्ताह 26 से 31 अगस्त 2024 तक विभिन्न खेलगतिविधियाँ आयोजित की गई। जिनके अंतर्गत सतौलिया, रस्साकसी, रुमाल झपट्टा, रेस, रोप जंपिंग तथा अन्तिम दिवस बैडमिंटन एवं 100 मीटर तथा 200 मीटर की दौड़ का आयोजन किया गया। इस सप्ताह में राष्ट्रीय खेल दिवस पर अध्ययनरत छात्राओं एवं समस्त स्टाफ को फिट इण्डिया की शपथ दिलवाई गई। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी एवं कार्यक्रम अधिकारी दीवान सिंह, डॉ. नटवर सिंह, अंशु गुप्ता, निशांत सिंह चौहान, खेल विभाग समिति सदस्य जगदीश कुमार, अकादमिक प्रभारी डॉ. करुणागौर, वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. मधु शर्मा, डॉ. निशा गोयल, संकाय सदस्य विनय खंडेलवाल, योगेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह गहलोत आदि उपस्थित रहे।

जन्म दिवस पर राशन किट वितरित की

भरतपुर (निस)। श्री मित्र भारत संस्थान द्वारा जवाहर सिंह बेड़म ग्रह राज्य मंत्री के जन्म दिवस पर जरूरतमंद परिवारों को राशन किट वितरित संस्थान के अध्यक्ष कुलदीप कटारा श्याम सिंह जधिना मधुर, दीवान सिंह शर्मा नर्सिंग अधिकारी, चंद्र भान माहोर ने वितरित की।

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी ने की जांच

हिण्डौन सिटी । ब्लॉक की पट्टी नारायणपुर गांव से राजकीय विद्यालय में एक अध्यापक द्वारा की गई शिकायत के मामले में संभागीय की आदेश पर आज मुख जिला शिक्षा अधिकारी इंद्रेश तिवारी ने जांच की। प्राप्त जानकारी के अनुसार संभागीय आयुक्त द्वारा जनसुनवाई में प्राप्त शिकायत के लिए मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी करौली इंद्रेश तिवाडी व मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हिंडौन कैलाश चंद मीणा को जांच के आदेश दिए। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी इंद्रेश तिवाडी ने बताया कि शनिवार को पट्टी नारायणपुर रेवई विद्यालय में पहुंचकर जांच की। उन्होंने बताया कि संभागीय आयुक्त की जनसुनवाई के दौरान पट्टी नारायणपुर (रेबई) की अध्यापिका मधुमति द्वारा एक शिकायत पेश की जिसमें प्रधानाध्यापिका माया गुर्जर पर मारपीट के आरोप लगाए। जांच में आरोपों की पुष्टि नहीं हो पाई। इस दौरानविद्यालय की जांच में अधिकारियों को गंभीर अनियमितता मिली। विद्यालय का प्रधानाध्यापक का चार्ज वरिष्ठ प्रबोधक मधुमति के पास होना चाहिए लेकिन प्रधानाध्यापक का चार्ज माया गुर्जर ने अपने पास रखा है। विद्यालय में तीन का स्टाफ होने पर भी अपना उपस्थिति रजिस्टर अलग खोल रखा है। विद्यालय में विद्यार्थी कुल नामांकन 59 । जांच दिवस पर उपस्थित 20 विद्यार्थी । इस सत्र में फल वितरण नहीं किए गए हैं । विद्यालय के कक्षा 5 के विद्यार्थी हिंदी पढ़ने में असमर्थ है । गणित विषय में 7 से ज्यादा पहाडे नहीं जानते हैं । माया गुर्जर अपने आप को 20 जून 2016 से कोर्ट स्टे पर लगी हुई बताती हैं। जबकि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के अनुसार जिले में कोई भी कर्मचारी कोर्ट स्टे पर नहीं है ।

विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल के तत्वाधान में षष्ठी पूर्ति स्थापना दिवस मनाया

भरतपुर (निस)। स्थानीय श्री गंगा महारानी मन्दिर में विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल के तत्वाधान में परिषद के स्थापना के 60वीं वर्षगांठ पर अंचल के हिंदू जन उपस्थित होकर षष्ठी पूर्ति स्थापना दिवस मनाया। स्थापना उत्सव का शुभारंभ संत किशनदास महाराज ने भारत माता के चित्र पर अभ्यागतो के द्वारा चंदन तिलक लगाकर माल्यार्पण के साथ दीप प्रज्वलन से हुआ। पश्चात उत्सव के मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के प्रान्त मन्त्री राधेश्याम गौतम ने अपनी बात रखते हुए कहा कि वक्त की मांग है कि हिंदू संगठित हों तथा अपनी बेटियों को परी नहीं लाड़ली पुकारें तथा उन्हें रानी लक्ष्मीबाई व देवी दुर्गा बनने के लिए प्रेरित करें ताकि उनके भीतर शक्ति जागृत हो और हमारी बहनों की ओर आंख उठाने वालों की आंख निकाल लेने की जज्बा पैदा हो। स्थापना उत्सव विहिप जिला अध्यक्ष लाखन पहलवान, प्रखण्ड अध्यक्ष प्रेमसिंह सिनसिनवार, जिला सुरक्षा प्रमुख नवनीत बंसीवाल, जिला मंत्री श्यामसुन्दर, नरेश खण्डेलवाल प्रान्त सेवा प्रमुख, प्रखण्ड मंत्री, तारा चन्द आजाद, लालसिंह पार्षद, नीरज चौधरी पार्षद, गौरक्षा प्रमुख मोहन पण्डित मनीष शर्मा, संजय रौतकिया, मनोज चौधरी, रामकिशोर डांगी, आदि संगठन कार्यकर्ता एवम् राजनीतिक दल तथा अधिकारी कर्मचारी वर्ग के लोगों की गरिमामय उपस्थिति रही।

हजारों धर्मप्रेमी हिंडौन से पैदल पहुंचे क्यारदा के हनुमान मंदिर

हिंडौन सिटी। हनुमान भक्त मंडल, भायलापुरा की ओर से शनिवार को क्यारदा हनुमानजी मंदिर के लिए आयोजित पदयात्रा में हजारों धर्मप्रेमी शामिल हुए। सभी पदयात्री पूरे उत्साह के साथ भायलापुरा के हनुमान मंदिर से क्यारदा के हनुमानजी मन्दिर पहुंचे। पदयात्रा को समाजसेवी चंद्रमोहन चोटमुरादा और दीनदयाल सारस्वत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

हनुमान भक्त मंडल के संरक्षक देवेन्द्र डालू और अध्यक्ष ओमप्रकाश पिंटू ने बताया कि 14 वीं पदयात्रा में हजारों की संख्या में धर्म प्रेमी शामिल हुए। सभी लोगों ने एक साथ भायलापुरा के हनुमानजी मन्दिर में पूजा अर्चना करते हुए सामूहिक आरती की। बाद में पदयात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

पदयात्रा में रथ पर हनुमानजी की तस्वीर स्थापित की गई और एक अन्य रथ पर हनुमानजी की जीवंत झांकी सवार की गई। पदयात्रा के जुलूस में राधा कृष्ण और शिव पार्वती की झांकी भी शामिल हुई। सभी पदयात्री नाचते गाते पूरे उत्साह के साथ क्यारदा के हनुमानजी मन्दिर पहुंचे, जहां सभी लोगों ने हनुमानजी की सामूहिक महाआरती की। इस दौरान मंदिर परिसर में महाभंडारा आयोजित हुआ, जिसमें सभी लोगों ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। इस मौके पर क्यारदा के हनुमानजी मन्दिर पर फूल बंगला सजावट की गई। क्यारदा गांव के पंच पटेलों और युवाओं ने सभी पदयात्रियों का पेयजल और नींबू शिकंजी के साथ स्वागत किया और व्यवस्थाओं में अपना पूरा सहयोग प्रदान किया। इसके लिए भक्त मंडल के पदाधिकारियों ने क्यारदा के पंच पटेलों, प्रमुख ग्रामीणों, युवा कार्यकर्ताओं और मंदिर की व्यवस्थाओं से जुड़े लोगों को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया।

सेवर ब्लॉक अध्यक्ष बने शिव सिंह जाटौली रथभान

भरतपुर (निस)। राजस्थान शिक्षा सेवा प्राध्यापक संघ (रेसला) भरतपुर की जिला कार्यकारिणी की मीटिंग नबाव सिंह धानौता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

जिसमें प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवकीनंदन देवा, जिलाध्यक्ष राजेश चौधरी, कार्यकारी जिलाध्यक्ष हरवीर सिंह फौजदार, जिला मंत्री राजेन्द्र गुर्जर, जिला कोषाध्यक्ष किशन सिंह अम्वेश, शिव सिंह, ललित कुमार, गजेन्द्र सिंह पथैना एवं महावीर सिंह आदि सदस्यों ने भाग लिया।

जिलाध्यक्ष राजेश चौधरी ने बताया कि सेवर ब्लॉक की नवीन कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया।

धौलपुर विधायक के लापता होने के चस्पा किए पोस्टर

धौलपुर। धौलपुर शहर में सैंपऊ और बाड़ी रोड स्थित कई कॉलोनियां पिछले कई महीनों से जलमग्न हैं। कॉलोनी के पानी की निकासी नहीं होने से नाराज लोग कई बार प्रदर्शन भी कर चुके हैं।

जलभराव की समस्या का समाधान नहीं होने पर आनंद नगर कॉलोनी के लोगों ने विरोध का नया तरीका निकाला है। उन्होंने पूरी कॉलोनी में धौलपुर विधायक शोभारानी कुशवाहा के लापता होने के पोस्टर लगा आनंद नगर कॉलोनी धौलपुर के रहने वाले लाखन सिंह परिहार ने अपना विरोध जताते हुए बताया कि उनके मोहल्ले में लोग लंबे समय से जलभराव की समस्या से परेशान हैं। जिसको लेकर उच्च अधिकारियों से कई बार पानी निकासी के लिए गुहार लगाई है। जलभराव की समस्या से छुटकारा नहीं मिलने पर कॉलोनी के लोगों ने विधायक शोभारानी कुशवाहा से संपर्क करने की भी कोशिश की, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हुआ। स्थानीय लोगों ने बताया कि उन्होंने अपनी समस्या का समाधान करने के लिए धौलपुर विधायक को वोट दिया था। लेकिन धौलपुर विधायक जीतने के बाद ही लापता हो गई हैं। जिनसे मिलने के लिए उनके लापता होने के पोस्टर लगाए गए हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि अगर सोमवार तक प्रशासन ने उनकी समस्या का कोई समाधान नहीं किया।

पांचना के गेट खोलकर पानी की निकासी शुरू

बयाना भरतपुर (निस)। पूर्वी राजस्थान के सबसे बड़े बांध पांचना बांध के बाद अब बयाना क्षेत्र व भरतपुर जिले के सबसे बड़े बांध , बंध बारैठा बांध के लबालब होने के बाद आज शनिवार को इस बांध का एक गेट खोलकर बांध से पानी की निकासी शुरू की गई है। बांध से पानी की निकासी के साथ ही जल संसाधन विभाग व स्थानीय प्रशासन की ओर से पूरे इलाके में विशेष अलर्ट जारी कर लोगों से पानी के बहाव व भराव क्षेत्रों से दूर रहने को कहा गया है। जल जल संसाधन विभाग के सहायक अभियंता दशरथ सिंह ने बताया कि इस बांध की कुल भराव क्षमता 29 फुट अर्थात 1860 एमसीएफटी पानी की है। आज बांध का जल स्तर 27.80 फुट अर्थात 1600 एमसीएफटी होने पर और बांध के कैचमेंट एरिया से लगातार पानी की आवक को देखते हुए बांध का एक गेट खोलकर 250 क्यूसेक पानी प्रति सेकंड की स्पीड से निकासी की जा रही है। यह निकासी 27 फीट का लेवल बने रहने तक जारी रखी जाएगी। रियासत कालीन इस बांध का पानी कुकुंद नदी में होकर बहते हुए आगे जाकर गंभीर नदी में मिलता बताया है। इधर लोकदल के राष्ट्रीय सचिव सुरेंद्र सिंह कंसाना ने कहा है कि यह बांध किसानों की जमीन पर बना है इसलिए इस बांध के पानी पर पहला हक किसानों का है। इसलिए इस बांध को अन्य किसी उपयोग में लेने या और कहीं सप्लाई करने के बजाय केवल किसानों के खेतों की सिंचाई के लिए ही आरक्षित किया जाए।

दुग्धाभिषेक कार्यक्रम आयोजित

भरतपुर (निस)। बजरंग सेवक ट्रस्ट द्वारा आयोजित किये जा रहे 34वें गणेश महोत्सव के तहत् शनिवार 31 अगस्त को अटलबन्द स्थित गणेश मन्दिर पर मंत्रोच्चार के साथ दुग्धाभिषेक का कार्यक्रम आयोजित हुआ। ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी प्रकाश मोहन गुप्ता ने बताया कि शनिवार को प्रातः 9 बजे से गणेश मन्दिर पर आचार्य धरणीधर शास्त्री के नेतृत्व में 11 शास्त्रियों द्वारा 101 किलो गाय के दूध में शहद, दही, घी एवं इत्र को मिलाकर तैयार किये गये पंचामृत से मंत्रोच्चार के साथ दुग्धाभिषेक का कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया। इससे पूर्व विभिन्न सुगन्धित द्रव्यों से स्नान कराकर श्री गणेश जी की सामूहिक आरती का भी आयोजन किया गया। जिसमें ट्रस्ट के मुख्य संरक्षक विनोद कोठारी, अध्यक्ष मनीष सिंघल, उपाध्यक्ष संजय गर्ग, मंत्री प्रदीप अग्रवाल, विजय जैन, नीरज गोयल, रमेष गर्ग, गिरधारी गुप्ता, अनिल मिश्रा, महेष गोयल, अनिल बंसल, ष्याम अरोडा आदि सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं सदस्यगणों ने सपरिवार शामिल होकर पूजा अर्चना की।

व्यापारियों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

गंगापुर सिटी मे जिला कलेक्टर ज्ञापन देते व्यापारी।

गंगापुर सिटी । व्यापारियों ने नगर परिषद पर अतिक्रमण हटाने के नाम पर परेशान और अभद्रता करने का आरोप लगाया है। इस मामले में शनिवार को केमिस्ट एंड ड्रग एसोसिएशन गंगापुर सिटी के बैनर तले व्यापारियों ने कलेक्टर डॉक्टर गौरव सैनी को ज्ञापन देकर शिकायत करते हुए इस मामले में कार्रवाई करने की मांग की है। केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्ण कुमार गोयल ने बताया कि गंगापुर नगर परिषद क्षेत्र में अतिक्रमण दस्ते द्वारा व्यापारियों से अभद्रता और अव्यवहारिक आचरण किया जा रहा है। दस्ते की टीम द्वारा दुकानों के अंदर घुसकर रखे हुए सामान जैसे टेबल, बैंच, कुर्सी इत्यादि को जबरन उठाकर ले जाया जा रहा है, जबकि यह सभी व्यापारियों ने अपने तय परिसर की सीमा में ही रखे हुए हैं।

व्यापारियों द्वारा विरोध करने पर अतिक्रमण दस्ते में शामिल सफाई कर्मचारी, गार्ड और अन्य कर्मचारियों द्वारा अभद्रता, गाली गलौच करते हुए मारपीट की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि शुक्रवार को अभियान के दौरान एसोसिएशन के सचिव ओमप्रकाश अग्रवाल उदेई मोड गंगापुर सिटी के स्टोर पर कर्मचारियों ने गाली गलौच, अभद्रता और जबरदस्ती करते हुए दुकान के अंदर बैठे हुए मरीजों को उठाते हुए बैंच को उठाकर ले गए। जब इस मामले में आयुक्त से वार्ता करने का प्रयास किया तो टीम ने मारपीट करने का प्रयास किया। जिसका व्यापारी और दुकानदार कडे शब्दों में निंदा करते हैं। गंगापुर केमिस्ट एसोसिएशन और उनके सदस्यों ने कहा कि गंगापुर सिटी में सभी व्यापारी अतिक्रमण नहीं चाहते और शहर को स्वच्छ रखना चाहते हैं। इसमें भी प्रशासन का हर संभव सहयोग करने को भी तैयार हैं और पहले भी व्यापारियों ने प्रशासन का हर संभव सहयोग किया है।

औधोगिक स्मार्ट सिटी बनाने के लिए लिखा पत्र

भरतपुर (निस)। केंद्र सरकार द्वारा राजस्थान के जोधपुर-पाली में घोषित किये गये औद्योगिक स्मार्ट सिटी के तर्ज पर डीग जिले के जुरहरा में औद्योगिक स्मार्ट सिटी बनाने के लिए समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने केन्द्रीय मंत्री अनिल वैष्णव को पत्र लिख कर आग्रह किया है। गुप्ता द्वारा लिखे गये पत्र में कहा है कि जुरहरा के पास रीको द्वारा करीब 40 एकड़ भूमि पर औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया था लेकिन जरूरी सुविधाएँ उपलब्ध कराने की वजह से मात्र 25 लघु उद्योग इकाइयां स्थापित हो सकी। इनमे से अधिकांश बंद हो गई है। अब इस औद्योगिक क्षेत्र को नई दिल्ली से फोर लेन सड़क मार्ग से जोडने के अलावा बिजली तंत्र को भी सुदृढ किया गया है। जुरहरा औद्योगिक क्षेत्र के आस-पास काफी भूमि खाली है।

कार्यालय ग्राम पंचायत निधेराकला, पंचायत समिति सैपऊ (धौलपुर)

क्रमांक/ग्रा.प./ई.नि.नि.सा./2024/01 दिनांक: 31.08.2024

ई-निविदा सूचना 01/2024-2025

ग्राम पंचायत परिक्षेत्र में महानरेगा एवम् ग्रामीण विकास एवम् पंचायतीराज की विभिन्न योजनाओं के तहत सम्पूर्ण वर्षवार स्वीकृत निर्माण कार्यों में निर्माण सामग्री आपूर्ति अनुमानित लागत लगभग 90.00 लाख के लिये सक्षम श्रेणी के पंजीकृत फर्मों से ऑनलाइन ई-निविदा दिनॉक 06.09.2024 को समय 10:00 एएम तक आमंत्रित की जाती है, जिसका UBN No. ZDH2425GLRC00254 है। विस्तृत विवरण https://.sppp.rajasthan.gov.in व https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।

सरपंच ग्राम पंचायत निधेराकला — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत निधेराकला

प्ररूप-10 (नियम 6 (7))
प्राधिकृत अधिकारी नगरपरिषद, करौली
लोक सूचना

क्रमांक:-1553-58 दिनांक: 30.08.2024

श्री राजेश कुमार पुत्र गोपाल सिंह, श्री जयसिंह पुत्र श्री गरीबा सिंह निवासी कुडगॉव करौली एवं कंचनपुरा करौली द्वारा मण्डरायल रोड शिकारगंज सर्किल के पास करौली जिला करौली के पास स्थित निम्न खसरा नम्बरान हेतु इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अधिभृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया हैं, अर्थात:-

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा नं.	क्षेत्र
करौली	करौली	7207,7216/2	02 बीघा 11 बिस्वा एवं 02 बीघा 08 बिस्वा

इसलिए, इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 30.08.2024 को जारी की गयी। (करनी सिंह) प्राधिकृत अधिकारी, आयुक्त नगरपरिषद, करौली